**जेबी अकादमी, अयोध्या**

**वार्षिक परीक्षा 2022-23**

**कक्षा- XI, विषय- हिंदी (आधार)**

**समय**- 3 घंटे **अधिकतम अंक**-80

---

**सामान्य निर्देश-**

- प्रश्न-पत्र दो खण्डों- खंड 'अ' और 'ब' में विभक्त है, जिसमे कुल 14 प्रश्न हैं ।
- खंड 'अ' में वस्तुपरक प्रश्न पूछे गए हैं, जबकि खंड 'ब' में वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं।
- खंड 'अ' के प्रश्नों के उत्तर के रूप में चार विकल्प दिए गए हैं । सबसे उचित विकल्प का सावधानी पूर्वक चयन करते हुए उत्तर दीजिए ।
- प्रश्न-पत्र पढ़ने के लिए 15 मिनट का अतिरिक्त समय देय होगा ।

***खंड 'अ'- वस्तुपरक प्रश्न***

**प्र.1. नीचे दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और प्रश्नों के उत्तर दीजिए । (1x10=10)**

वैज्ञानिक प्रयोग की सफलता ने मनुष्य की बुद्धि का अपूर्व विकास कर दिया है। द्वितीय महायुद्ध में एटम बम की शक्ति ने कुछ समय में ही जापान की अजेय शक्ति को पराजित कर दिया। इस शक्ति की युद्धकालीन सफलता ने अमेरिका, रूस, ब्रिटेन, फ्रांस आदि सभी देशों को ऐसे शस्त्रास्त्रों के निर्माण की प्रेरणा दी तथा सभी भयंकर और सर्वविनाशकारी शस्त्र बनाने लगे। अब सेना पराजित करने तथा शत्रु-देश पर पैदल सेना द्वारा आक्रमण करने के लिए शस्त्र निर्माण के स्थान पर देश के विनाश करने की दिशा में शस्त्रास्त्र बनने लगे हैं।

इन हथियारों का प्रयोग होने पर शत्रु-देशों की अधिकांश जनता और संपत्ति थोड़े समय में नष्ट की जा सकेगी। चूँकि ऐसे शस्त्रास्त्र प्रायः सभी स्वतन्त्र देशों के संग्रहालयों में कुछ न कुछ आ गये हैं, अतः युद्ध की स्थिति में उनका प्रयोग भी अनिवार्य हो जाएगा।अतः दुनिया का सर्वनाश या अधिकांश नाश तो अवश्य ही हो जायेगा। इसलिए निःशस्त्रीकरण की योजनाएँ बन रही हैं। शस्त्रास्त्रों के निर्माण में जो दिशा अपनाई गई, उसी के अनुसार आज इतने उन्नत शस्त्रास्त्र बन गये हैं, जिनके प्रयोग से व्यापक विनाश आसन्न दिखाई पड़ता है। अब भी परीक्षणों की रोकथाम तथा बने शस्त्रों के प्रयोग के रोकने के मार्ग खोजे जा रहे हैं। इन प्रयासों के मूल में एक भयंकर आतंक और विश्व विनाश का भय काम कर रहा है।

**गद्यांश पर आधारित निम्न प्रश्नों के उत्तर के लिए सर्वाधिक उचित विकल्प का चयन कीजिए-**

**i.** इस गद्यांश का मूल कथ्य क्या है?

(क) आतंक और सर्वनाश का भय (ख) विश्व में शस्त्रास्त्रों की होड़

(ग) द्वितीय विश्वयुद्ध की विभीषिका (घ) निःशस्त्रीकरण और विश्वशान्ति

**ii.** भयंकर विनाशकारी आधुनिक शस्त्रास्त्रों के बनाने की प्रेरणा किसने दी?

(क) अमेरिका ने (ख) अमेरिका की विजय ने

(ग) जापान के विनाश ने (घ) बड़े देशों की पारस्परिक प्रतिस्पर्धा ने

**iii.** एटम बम की अपार शक्ति का प्रथम अनुभव कैसे हुआ?

(क) जापान में हुई भयंकर विनाशलीला से (ख) जापान की अजेय शक्ति की पराजय से

(ग) अमेरिका, रूस, ब्रिटेन और फ्रांस की प्रतिस्पर्धा से (घ) अमेरिका की विजय से

**iv.** बड़े-बड़े देश आधुनिक विनाशकारी शस्त्रास्त्र क्यों बना रहे हैं?

(क) अपनी-अपनी सेनाओं में कमी करने के उद्देश्य से

(ख) अपने संसाधनों का प्रयोग करने के उद्देश्य से

(ग) अपना-अपना सामरिक व्यापार बढ़ाने के उद्देश्य से।

(घ) पारस्परिक भय के कारण

**v.** आधुनिक युद्ध भयंकर व विनाशकारी होते हैं क्योंकि-

(क) दोनों देशों के शस्त्रास्त्र इन युद्धों में समाप्त हो जाते हैं

(ख) अधिकांश जनता और उसकी सम्पत्ति नष्ट हो जाती है

(ग) दोनों देशों में महामारी और भुखमरी फेल जाती है

(घ) दोनों देशों की सेनाएँ इन युद्धों में मारी जाती हैं

**vi**. इस गद्यांश का सर्वाधिक उपयुक्त शीर्षक है

(क) निःशस्त्रीकरण (ख) आधुनिक शस्त्रास्त्रों का विनाशकारी प्रभाव

(ग) एटम बम की शक्ति (घ) आतंक और विश्व-विनाश का भय

**vii.** 'व्यापक विनाश आसन्न दिखाई पड़ता है। इस वाक्य में 'आसन्न' का अर्थ क्या है?

(क) अवश्य घटित होने वाला (ख) कुछ समय बाद घटित होने वाला

(ग) किसी क्षेत्र विशेष में घटित होने वाला (घ) कभी घटित नहीं होने वाला

**viii.** 'निःशस्त्रीकरण' से क्या तात्पर्य है?

(क) आधुनिक शस्त्रास्त्रों का मुक्त व्यापार

(ख) आधुनिक शस्त्रास्त्रों के परीक्षण, प्रयोग एवं भंडारण पर प्रतिबंध

(ग) एटम की शक्ति का रचनात्मक कार्यों में प्रयोग

(घ) एटम बम का जनता पर प्रयोग न करने का संकल्प

**ix**. निःशस्त्रीकरण की योजनाएँ क्यों बनाई जा रही हैं?

(क) क्योंकि आतंक और विश्व के सर्वनाश का भय बढ़ता जा रहा है

(ख) क्योंकि बड़े देशों के संसाधन समाप्त होते जा रहे हैं

(ग) क्योंकि तृतीय विश्व युद्ध की अभी कोई सम्भावना नहीं है

(घ) क्योंकि ये योजनाएँ संयुक्त राष्ट्र संघ ने बनाई हैं

**x.** मनुष्य की बुद्धि का अपूर्व विकास किसने किया था?

(क) वैज्ञानिक प्रयोग की सफलता ने (ख) वैज्ञानिक प्रयोग की असफलता ने

(ग) वैज्ञानिक अन्धविश्वास ने (घ) वैज्ञानिक विनाश ने

**प्र.2. निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।** **(1x1=5)**

यह लघु सरिता का बहता जल
कितना शीतल, कितना निर्मल
हिमगिरि के हिम से निकल-निकल,
यह विमल दूध-सा हिम का जल,
कर-कर निनाद कल-कल, छल-छल,
तन का चंचल मन का विह्वल
यह लघु सरिता का बहता जल।
ऊँचे शिखरों से उतर-उतर
गिर-गिर, गिरि की चट्टानों पर,
कंकड़-कंकड़ पैदल चलकर
दिनभर, रजनी-भर, जीवन-भर
धोता वसुधा का अंतस्तल
यह लघु सरिता का बहता जल।
हिम के पत्थर वो पिघल-पिघल,
बन गए धरा का वारि विमल,
सुख पाता जिससे पथिक विकल
पी-पी कर अंजलि भर मृदुजल
नित जलकर भी कितना शीतल
यह लघु सरिता का बहता जल।
कितना कोमल कितना वत्सल
रे जननी का वह अंतस्तल,
जिसका यह शीतल करुणाजल
बहता रहता युग-युग अविरल
गंगा, यमुना, सरयू निर्मल
यह लघु सरिता का बहता जल।

**i.** वसुधा का अंतस्तल धोने में जल क्या **नहीं** करता है?
(क) ऊँचे पर्वतों से नीचे उतरता है
(ख) पर्वतों की चट्टानों पर गिरकर कंकड़ों पर पैदल चलता है
(ग) दिन-रात जीवन पर्यंत कार्य करता है।
(घ) पर्वत के ऊपर जमा हो जाता है

**ii.** जल की तुलना दूध से क्यों की गई है?
(क) जल दूध के समान दुर्लभ है
(ख) हिम के पिघलने से जल बनता है, जो दूध की तरह शुद्ध व पवित्र होता है

(ग) दोनों तरल पदार्थ हैं

(घ) दोनों जीवन के लिए अनिवार्य रूप से आवश्यक हैं

**iii.** 'तन का चंचल मन का विह्वल'- का सटीक आशय है

(क) नदी जल हमेशा सागर से मिलने को बेचैन रहता है

(ख) जैसे शरीर में चंचल मन सदैव स्थिर रहता है, उसी तरह नदी का जल भी हर समय स्थिर रहता है।

(ग) जैसे शरीर में चंचल जल सदैव अस्थिर रहता है, उसी तरह नदी का मन चंचल रहता है।

(घ) जिस प्रकार शरीर में मन चंचलता के कारण हर वक्त गतिशील रहता है, उसी तरह छोटी नदी का जल भी हर समय गतिमान रहता है।

**iv.** 'रे जननी का वह अंतस्तल' में जननी किसे कहा गया है?

(क) भारत माता

(ख) माँ अम्बा

(ग) नदी

(घ) जन्मदात्री माँ

**v.** लघु सरिता का जल कैसा है-

(क) अत्यधिक ठंडा

(ख) कहीं उज्ज्वल कहीं धूमिल

(ग) शीतल व निर्मल

(घ) अशुद्ध

**(अभिव्यक्ति और माध्यम के पाठों पर आधारित प्रश्न)**

**प्र. 3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर के लिए सबसे उचित विकल्पों का चयन कीजिए- (1x1=5)**

**i. संचार शब्द की उत्पत्ति किस शब्द से हुई है-**

(क) चार

(ख) चर

(ग) संचय

(घ) संच

**ii. संचार प्रक्रिया में प्राप्त कर्ता की प्रतिक्रिया को कहते हैं -**

(क) फीडलैट

(ख) फीड

(ग) फीडबैक

(घ) फीड फॉरवर्ड

**iii. भारत में पहला छापाखाना कब लगा -**

(क) 1546 ई. (ख) 1576 ई.

(ग) 1556 ई. (घ) 1536 ई.

**iv. समाचार जल्दी में लिखा गया .............है -**

(क) विज्ञान

(ख) मनोविज्ञान

(ग) भूगोल

(घ) इतिहास

**v. निम्नलिखित में से कौन सा संपादन का एक सिद्धांत नहीं है -**

(क) तथ्यों की शुद्धता

(ख) असंतुलन

(ग) निष्पक्षता

(घ) वस्तुपरकता

**(मुख्य पाठ्य पुस्तक)**

**प्र.4. निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए- (1x1=5)**

हे भूख ! मत मचल
प्यास, तड़प मत
हे नींद! मत सता
क्रोध, मचा मत उथल-पुथल
हे मोह! पाश अपने ढील
लोभ, मत ललचा
मद ! मत कर मदहोश
ईर्ष्या, जला मत
ओ चराचर ! मत चूक अवसर
आई हूँ सदेश लेकर चन्नमल्लिकार्जुन का

**i. अक्क महादेवी किस का संदेश लेकर आई थी?**

(क) चन्नमल्लिकार्जुन

(ख) मल्लिकार्जुन

(ग) अर्जुन

(घ) गणेश

**ii. कवयित्री ने आग्रह किया है-**

(क) इंद्रियों से (ख) परिवार से

(ग) जनता से (घ) समाज से

**iii. नींद से मानव किस की प्राप्ति का मार्ग भूल जाता है?**

(क) धन प्राप्ति (ख) ईश्वर प्राप्ति

(ग) आवश्यकताएँ (घ) विद्या और ज्ञान

**iv. कवयित्री मिलन कराना चाहती है-**

(क) मानव-मानव का

(ख) जीव-जंतु का

(ग) जड़-चेतन का

(घ) आत्मा-परमात्मा का

**v.** चन्नमल्लिकार्जुन किसे कहा गया है -

| | |
|---|---|
| (क) राम | (ख) कृष्ण |
| (ग) शिव | (घ) विष्णु |

**प्र.5. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक प्रश्नों के उत्तर के लिए सबसे उचित विकल्पों का चयन कीजिए-**

**(1x5=5)**

हॉर्टीकल्चर डिपार्टमेंट का सेक्रेटरी साहित्य-प्रेमी आदमी जान पड़ता था। उसने लिखा था, 'आश्चर्य है, इस समय जब हम 'पेड़ लगाओ' स्कीम ऊँचे स्तर पर चला रहे हैं, हमारे देश में ऐसे सरकारी अफसर मौजूद हैं जो पेड़ों को काटने का सुझाव देते हैं, और वह भी एक फलदार पेड़ को, और वह भी जामुन के पेड़ को, जिसके फल जनता बड़े चाव से खाती है। हमारा विभाग किसी हालत में इस फलदार वृक्ष को काटने की इजाजत नहीं दे सकता।'

**i. हॉर्टीकल्चर डिपार्टमेंट के सचिव को क्या कहा गया हैं-**

(क) फल-प्रेमी

(ख) कला- प्रेमी

(ग) साहित्य-प्रेमी

(घ) मानव-प्रेमी

**ii. हॉर्टीकल्चर डिपार्टमेंट ने किस बात की इजाजत नहीं दी-**

(क) दबे हुए आदमी को निकालने की

(ख) फलदार वृक्ष को काटने की

(ग) पेड़ लगाने की

(घ) गिरे हुए पेड़ से जामुन के फल तोड़ने की

**iii. इस गद्यांश में किस व्यवस्था पर व्यंग्य <u>नहीं</u> किया गया है-**

(क) लालफीताशाही

(ख) सरकारी विभागों में तालमेल का अभाव

(ग) विभागीय स्तर पर ग़ैरजिम्मेदाराना रवैया

(घ) भारतीय शिक्षा व्यवस्था

**iv. 'हॉर्टीकल्चर' का क्या अर्थ है -**

| | |
|---|---|
| (क) ह्रदय से संबंधित | (ख) संस्कृति व सभ्यता |
| (ग) उद्यान कृषि | (घ) कृषि |

**v. 'जामुन का पेड़' पाठ के लेखक हैं -**

(क) जवाहरलाल नेहरू

(ख) कृश्नचंदर

(ग) कृष्णनाथ

(घ) शेखर जोशी

**(पाठ्यपुस्तक वितान के पाठ पर आधारित प्रश्न )**

**प्र.6. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर के लिए सबसे उचित विकल्पों का चयन कीजिए- (1x10=10)**

**i. कृषि सम्बन्धी गीतों को किस प्रकार की संगीत धुनों के अंतर्गत रखा जाता है-**

(क) लोक संगीत धुन
(ग) शास्त्रीय संगीत धुन
(ख) पाश्चात्य संगीत धुन
(घ) मिश्रित संगीत धुन

**ii. 'राजस्थान की रजत बूँदें' पाठ के लेखक हैं-**

(क) कुमार गन्धर्व
(ग) अनुपम मिश्र
(ख) बेबी हालदार
(घ) हजारी प्रसाद द्विवेदी

**iii. कुईं की खुदाई किस यंत्र से की जाती थी-**

(क) फावड़े से
(ग) दरांती से
(ख) बसौली से
(घ) कुदाल से

**iv. चेलवांजी को और क्या कहा जा सकता है -**

(क) चेजारो
(ग) चीलवांजी
(ख) पुजारो
(घ) मिथारो

**v. 'जहाँ लगाव है, वहाँ...............भी होता है' -**

(क) बिखराव
(ग) अवसान
(ख) सफलता
(घ) अलगाव

**vi. मरुभूमि में उपलब्ध पानी का कौन-सा रूप नहीं होता है-**

(क) पालर पानी
(ग) पाताल पानी
(ख) रेजाणी पानी
(घ) मेवाणी पानी

**vii. बेबी हालदार को काम दिलवाने में किस युवक ने मदद की थी -**

(क) सुनील
(ग) भोला दा
(ख) बेबी का भाई
(घ) रमेश

**viii. 'आलो आंधारि' का क्या अर्थ है-**

(क) उजाले का अँधेरा
(ग) अँधेरे का उजाला
(ख) आँख से न दिखना
(घ) बर्फ़ से बना जल

**ix. लता जी की प्रसिद्धि का कारण है -**

(क) शास्त्रीय संगीत का ज्ञान (ग) उनके फ़िल्मी गीत

(ख) गानपन (घ) मधुर स्वर

**X. सामान्यतः लता ने कौन-सी पट्टी में गीत गाये हैं -**

(क) सामान्य पट्टी (ग) ऊँची पट्टी

(ख) नीची पट्टी (घ) इनमे से कोई नहीं

## *खंड 'ब'- वर्णनात्मक प्रश्न*

**प्र.7. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 120 शब्दों में एक रचनात्मक लेख लिखिए- (5)**

**(क)** सूखे का भयावह दृश्य **(ख)** नई शिक्षा नीति 2020 **(ग)** अयोध्या का सांस्कृतिक पुनरुत्थान

**प्र.8.** भारी वर्षा के कारण हुए नुकसान से अवगत कराते हुए मुख्यमंत्री (उत्तर प्रदेश) को सहायतार्थ एक प्रार्थना पत्र लिखिए- **(5)**

**अथवा**

बुजुर्गों को न्याय दिलाने एवं उनकी समस्याओं के समाधान हेतु विचार व्यक्त करते हुए किसी दैनिक समाचार-पत्र के सम्पादक को पत्र लिखिए ।

**प्र.9. 'अभिव्यक्ति और माध्यम' पुस्तक के आधार पर निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्ही दो के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए - (3x2=6)**

**(क)** डायरी लेखन क्या है? इसका क्या उपयोग है ?

**(ख)** फ़्लैशबैक और फ़्लैश फॉरवर्ड तकनीक क्या है? एक-एक उदहारण भी लिखिए ।

**(ग)** पटकथा लिखते समय किन-किन बातों का ध्यान रखना जरूरी है ?

**प्र.10.'अभि और माध्यम' के आधार पर निम्न प्रश्नों के उत्तर लगभग 40 शब्दों में लिखिए- (2x2=4)**

**(क)** उम्मीदवारों के चयन में स्ववृत्त किस प्रकार सहायक होता है?

**(ख)** स्ववृत्त से आप क्या समझते हैं? एक अच्छे स्ववृत्त की विशेषताएँ लिखिए ।

**(ग)** सर्वोदय विद्यालय, मेरठ में हिंदी पीजीटी का पद रिक्त है । अपना अभ्यर्थन प्रस्तुत करते हुए शिक्षा निदेशक को एक आवेदन-पत्र लिखिए ।

**प्र.11. पाठ्य पुस्तक आरोह भाग-1 में पठित पद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित में से किन्हीं 2 प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए । (3x2=6)**

**(क)** कवि ने चंपा की किन विशेषताओं का उल्लेख किया है?

**(ख)** आशय स्पष्ट कीजिए-

तेरा निजाम है सिल दे जुबान शायर की,<br>
ए एहतियात जरूरी है इस बहर के लिए ।

**(ग)** 'लक्ष्य प्राप्ति में इन्द्रियाँ बाधक होती हैं।' हे भूख ! मत मचल कविता के आधार पर इस सन्दर्भ में अपने तर्क दीजिए ।

**प्र.12. पाठ्य पुस्तक आरोह भाग-1 में पठित पद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित में से किन्ही 2 प्रश्नों के उत्तर लगभग 40 शब्दों में दीजिए । (2x2=4)**

(क) कबीर की दृष्टि में ईश्वर एक है । इसके समर्थन में उन्होंने क्या तर्क दिए हैं?

**(ख)** मीरा जगत को देखकर क्यों रोती हैं?

**(ग)** घर की याद कविता में भवानी प्रसाद मिश्र के पिता की किन विशेषताओं को उकेरा गया है?

**प्र.13. पाठ्य पुस्तक आरोह भाग-1 में पठित गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित में से किन्हीं 2 प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए । (3x2=6)**

**(क)** मियाँ नसीरुद्दीन के चेहरे पर किसी दबे हुए अंधड़ के आसार देख यह मजमून न छेड़ने का फैसला किया- इस कथन के पहले और बाद के प्रसंग का उल्लेख करते हुए इसे स्पष्ट कीजिए ।

**(ख)** 'पथेर पांचाली' फिल्म की शूटिंग का काम ढाई साल तक क्यों चला?

**(ग)** कर्जन को इस्तीफ़ा क्यों देना पड़ गया ? क्या उसकी माँग उचित थी ?

**प्र.14. पाठ्य पुस्तक आरोह भाग-1 में पठित गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित में से किन्हीं 2 प्रश्नों के उत्तर लगभग 40 शब्दों में दीजिए । (2x2=4)**

**(क)** धनराम को मोहन के किस व्यवहार पर आश्चर्य होता है और क्यों?

**(ख)** 'गलती करने वाला तो है ही गुनहगार, पर उसे बर्दाश्त करने वाला भी कम गुनहगार नहीं होता ।' रजनी पाठ के आधार पर इस कथन की समीक्षा कीजिए ।

**(ग)** भारत माता के प्रति नेहरू जी की अवधारणा स्पष्ट कीजिए ।

****